कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-04.04.2024

विषयः- नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले मे 20,000/- रु0 का इनामिया वांछित अभियुक्त अंकेश कुमार थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-483/2022 धारा 363/366/376 भा0द0वि0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित 20,000/- रु0 का पुस्कार घोषित वांछित अभियुक्त अंकेश कुमार पुत्र स्व0 बुद्दालाल निवासी कन्हईपुरवा मौजा उमरदा थाना इण्दरगढ जनपद कन्नौज को आज दिनांक-04.04.2024 को समय करीब 08.15 बजे फरीदपुर अंडरपास के पास थाना सारनाथ वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ-अभियुक्त अंकेश कुमार ने पूछताछ करने पर बताया कि पिछले दिनों मेरा सम्पर्क सारनाथ की रहने वाली एक लडकी से हो गया था और लडकी के नाबालिग होने के कारण मेरे ऊपर मुकदमा लिख गया था। पुलिस मेरी तलाश कर रही थी। उसी मामले मे मै उसके घरवालों से बातचीत करने आया था ताकि सुलह समझौता हो जाए लेकिन आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया।

इनाम की राशि- 20,000/- रु0

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अंकेश कुमार पुत्र स्व0 बुद्दालाल निवासी कन्हईपुरवा मौजा उमरदा थाना इण्दरगढ जनपद कन्नौज, उम्र 27 वर्ष।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- प्र0नि0 उदय प्रताप सिंह थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
2- उ0नि0 प्रदीप सिंह थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
3- उ0नि0 महेश मिश्रा थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
4- का0 देवेन्द्र प्रताप सिंह थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
5- का0 संजय सरोज थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
6- का0 रवि यादव थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
7- का0 सौरभ तिवारी थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी ।